तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 18.6 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि

रोहतक, बुधवार 22 अक्टूबर 2025



11 पुलिस शहीद स्मृति दिवस पर शहादत को किया सलाम





12 पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने कमर कसी







## खबर संक्षेप

### दादा कालापीर डेरे में लगाए 5001 दीप

**नारनौंद।** कोथ कलां के दादा काला पीर के डेरे में 5001 दीपों से डेरे को सजाया गया। पीर जिताई नाथ के पीर बनने के बाद यह पहली दीपावली का अवसर था। जिसको भी बेहतर तरीके से सजाया गया। इस मौके पर दर्जन सेवादारों सहित पीर जिताईनाथ, योगी सिंआई नाथ जी, योगी लचकाई नाथ जी अन्य साधु मौजूद रहे।

### बाबा प्रयाग गिरी शिवालय में अन्नकूट आज

**हिसार।** बाबा प्रयाग गिरी शिवालय मंदिर ट्रस्ट के प्रतिनिधियों की बैठक संस्था के प्रधान बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में मंदिर में हुई। इस मीटिंग में शिवालय मंदिर में अन्नकूट का प्रसाद लगाने की तैयारी पर विचार किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रधान बजरंग गर्ग ने कहा कि शिवालय मंदिर में 22 अक्टूबर को पूजा-पाठ व अन्नकूट प्रसाद लगाया जाएगा।

### ऑटो मार्केट में आज मनाएंगे विश्वकर्मा दिवस

**हिसार।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा विश्वकर्मा सभा ऑटो मार्केट हिसार में बाबा विश्वकर्मा दिवस 22 अक्टूबर को पूरे हर्षोल्लास, श्रद्धाभाव व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। बाबा विश्वकर्मा सभा ऑटो मार्केट हिसार के प्रधान रमेश वत्स ने बताया कि इस अवसर कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा एवं सावित्री जिंदल विधायक हिसार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे।

### आदमपुर में पंचायत चुनाव शीघ्र करवाने की मांग

**आदमपुर।** आदमपुर के विभिन्न सामाजिक संगठनों मानव कल्याण सेवा ट्रस्ट, मानव कल्याण सेवा समिति, जनसेवा समिति, अग्रवाल सेवा समिति तथा स्थानीय लोगों ने आदमपुर पंचायत के चुनाव जल्द से जल्द कराने की मांग की है। इनका कहना है कि इस समय आदमपुर गांव का कोई जनप्रतिनिधि नहीं है जिसके चलते जरूरी कागजातों पर हस्ताक्षर करवाने के लिए भटकना पड़ रहा है। आदमपुर में इस समय जिला पार्षद, ब्लॉक समिति, पार्षद मेंबर कोई भी नहीं होने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### सोलो डांस कंपीटिशन 16 नवंबर को

**हिसार।** रस्मों और रिवाज संस्था की कोरियोग्राफर सुचेता ग्रोवर और सेल्फ डिफेंस स्पोर्ट्स सोसायटी के अध्यक्ष रोहतास कुमार के संयुक्त तत्वावधान में 16 नवंबर को हिसार में इंटर डिस्ट्रिक सोलो डांस कॉम्पिटिशन का आयोजन किया जाएगा। आजाद नगर स्थित कॉसमॉस पब्लिक स्कूल में आयोजित होने वाली इस नृत्य स्पर्धा में विभिन्न जिलों के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे।

### हनुमान मंदिर में अन्नकूट प्रसाद वितरण आज

**आदमपुर।** टेल हनुमान मंदिर, विष्णु मंदिर, शिव मंदिर समेत क्षेत्र के कई अन्य मंदिर में में 22 अक्टूबर को सुबह अन्नकूट प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसी दिन सुबह गोवर्धन पूजा की जाएगा। उधर, विश्वकर्मा जयंती भी ऑटो मार्केट में धूमधाम से 22 को मनाई जाएगी।

---

### प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन, नामांकन 11 नवंबर से

# श्रीरामलीला कमेटी कटला के चुनाव में बदलाव, अब 23 नवंबर को होंगे

**कमेटी कटला के प्रधान, उपप्रधान, सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष व छह कार्यकारिणी सदस्य चुने जाएंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। श्रीरामलीला कमेटी कटला के चुनाव के लिए प्रारंभिक मतदाता सूची चस्पाते हुए चुनाव अधिकारी, प्रशासक व अन्य अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

श्रीरामलीला कमेटी कटला की बैठक रामलीला भवन के कार्यालय में प्रशासक एन.के. गोयल की अध्यक्षता में हुई जिसमें चुनाव अधिकारी एचं जीजेयू के परीक्षा नियंत्रक डॉ. यशपाल सिंगला, सह चुनाव अधिकारी बृजभूषण जैन व संजय मित्तल भी उपस्थित रहे। बैठक में आपसी विचार-विमर्श के बाद चुनाव प्रक्रिया में कुछ बदलाव करते हुए निर्णय लिया कि अब 16 नवम्बर की बजाय 23 नवंबर को देवी भवन स्कूल में मतदान करवाया जाएगा।

चुनाव अधिकारी डॉ. यशपाल सिंगला व प्रशासक एन.के. गोयल ने बताया कि नियमानुसार चुनाव प्रक्रिया के कार्यक्रम थोड़ा बदलाव किया गया है। श्रीरामलीला कमेटी कटला के प्रधान, उपप्रधान, सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष व छह कार्यकारिणी सदस्यों के लिए प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन आज कर दिया गया। 859 सदस्यों की मतदाता सूची रामलीला भवन, नालबंद गली, सिटी थाना रोड़ पर चस्पा दी गई है। कोई भी सदस्य इस सूची को देख सकता है। किसी भी सदस्य को मतदाता सूची की प्रति चाहिए तो वो सौ रुपये की रसीद कटवाकर प्रशासक एन.के.गोयल से प्रति प्राप्त कर सकता है।

#### आपत्तियों का 6 व 7 नवम्बर को निपटान

बदले हुए चुनाव कार्यक्रम बारे बताते हुए उन्होंने कहा कि 22 अक्टूबर से 5 नवम्बर तक जिला रजिस्ट्रार फर्म्स एंड सोसाइटीज कार्यालय चौथी मंजिल लघु सचिवालय, हिसार में आपत्तियां दर्ज करवाई जा सकेंगी। आपत्तियों का निपटान 6 व 7 नवम्बर को किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 9 नवम्बर को किया जाएगा। नामांकन प्रक्रिया 11 व 12 नवम्बर को दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक होगी। नामांकन पत्रों की जांच 13 नवम्बर को दोपहर बाद होगी। नामांकन वापिस लेने की तारीख अगले दिन 14 नवम्बर को दोपहर बाद 2 बजे से 4 बजे तक रहेगी। इसी दिन सायं 5 बजे चुनाव चिन्ह अलाट कर दिए जाएंगे। मतदान 23 नवम्बर को सुबह 9 बजे से सायं 4 बजे तक देवी भवन स्कूल में होगा। मतदान की समाप्ति पर तत्काल मतगणना करके परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

---

# शहीद भगत सिंह संगठन ने शहीदी स्मारक पर दीप जला मनाई दिवाली

- घी के दीप जलाए तथा शहीदों की कुर्बानियों को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



हांसी। शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर दिवाली पर्व मनाते समिति सदस्य।

शहीद भगत सिंह संगठन समिति सदस्यों ने दीपावली पर्व के अवसर पर सोमवार को शहीदी स्मारक पर शहीदों की याद में दीप जलाकर कर दीपावली पर्व मनाया।

समिति सदस्यों ने शहीदी स्मारक पर पहुंचकर सबसे पहले शहीदों को नमन करके पुष्प अर्पित किए। तत्पश्चात घी के दीप जलाए व उनकी कुर्बानियों को याद कर इन्कलाब जिन्दाबाद के नारे लगाये। इस अवसर पर समिति सदस्यों ने कहा कि आज एक दीप शहीदों के नाम जलाया क्योंकि आज जो हम पर्व मनाते है यह पर्व इन योद्धाओं की कुर्बानियों की वजह से मना रहे है। इस मौके पर डॉ. मुन्ना अरोड़ा, रामस्वरूप खट्टर, हमेश खुराना, अजय भारद्वाज, विरेन्द्र तनेजा, किशोरी नागपाल, विजय पाल शास्त्री, राजकुमार जांगड़ा, सरदार हरिन्द्र पालसिंह, नरेन्द्र शर्मा, हंसराज खेत्रपाल, राजकुमार जेई. हरीश गंगवानी, सन्नी नायक, खेमचन्द शर्मा आदि उपस्थित थे।

# गुरु,भक्ति और ब्रह्मज्ञान के बिना सांसारिक ज्ञान अधूरा : भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



हांसी। सत्संग में मौजूद श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

दिव्या ज्योति जागृति संस्थान की ओर से दीपावली के उपलक्ष में साप्ताहिक सत्संग एवं भजन संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर साध्वी नीतिका भारती ने सभी निवासियों को संस्थान की ओर से दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रत्येक पर्व एवं त्योहार भारत भारत देश की गरिमा को दर्शाता है किंतु यह हम पर निर्भर करता है कि हम इन त्योहारों के मर्म को जानकर पूर्ण रूप से लाभान्वित होते हैं अथवा नहीं। साध्वी जी ने बताया कि मानव मन पूर्णतः तभी जागृत होता है जब उसके जीवन में गुरु का पदार्पण हो क्योंकि हम अपने मन और बुद्धि से कितना भी धन अथवा ज्ञान अर्जित क्यों न कर ले परंतु गुरु,भक्ति और ब्रह्मज्ञान के बिना सांसारिक ज्ञान अधूरा है। जैसे दीपावली की रात्रि को अकेले मां लक्ष्मी की पूजा नहीं की जाती अपितु उनके साथ गणेश तथा मां सरस्वती का पूजन भी किया जाता है। धन संपदा की देवी मां लक्ष्मी का आवाहन विवेक के प्रदाता श्री गणेश और कर्मठता एवं सर्वगुण संपन्नता को देने वाली मां सरस्वती के साथ किया जाता है।

---

# केंद्रीय पुलिस संगठनों व हरियाणा पुलिस बल के शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

- शहीद जवानों की शहादत एवं वीरगति को कभी भुलाया नहीं जा सकता : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



हांसी। शहीद के परिजनों को सम्मानित करते पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन।

हर वर्ष की भांति जिला पुलिस लाइन में 21 अक्टूबर मंगलवार को पुलिस शहीदी स्मृति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए केन्द्रीय पुलिस संगठनों और हरियाणा पुलिस बल के शहीद जवानों को सलामी देते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अपने कर्तव्य और ड्यूटी के लिए अपनी शाहदत देने वाले पुलिस के शहीद जवानों को याद किया गया व शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र व पुष्प माला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। एसपी अमित यशवर्धन ने शहीद सिपाही भाटोल निवासी जस्साराम, चानौत निवासी सिपाही टेकराम, खांडा खेड़ी निवासी एसआई दीनदयाल, लोहारी राघो निवासी एएसआई नरेंद्र कुमार व ढाणा कलां निवासी सिपाही प्रदीप कुमार के परिजनों को स्मृति चिन्ह सूचक उपहार भेंटकर सम्मानित किया।

#### शहीदों को दी सलामी

एसपी अमित यशवर्धन ने कहा कि शहीद जवानों की शहादत एवं वीरगति को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर डीएसपी रविन्द्र सांगवान, विनोद शंकर, देवेंद्र नैन सहित सैंकड़ों पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने सलामी परेड मे भाग लिया व शहीदों को पुष्प अर्पित किए।

# पुलिस शहीद स्मृति दिवस पर शहीदों को किया नमन

- शहीदों के सम्मान में दो मिनट का रखा मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हांसी। शहीद स्मृति दिवस पर शहीद पुलिस जवानों को सलामी देते पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन। *फोटो : हरिभूमि*

पुलिस शहीद स्मृति दिवस के अवसर पर मंगलवार को पुलिस प्रशासन द्वारा पुलिस बल के शहीद हुए जवानों को याद किया गया। नई पुलिस लाइन मे आयोजित मुख्य कार्यक्रम मे देशभर के पुलिस संगठन से शहीद हुए नायकों के नाम पढे गए और उन्हें श्रद्धा से याद कर सलामी दी गई। शहीदों के सम्मान मे दो मिनट का मौन रखा ।

इस अवसर पर मुख्यतिथि पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने केन्द्रीय पुलिस संगठनों और पुलिस बलों के 191 शहीद जवानों के नाम पढ़े। उन्होंने अपने संबोधन मे कहा कि देश के लिए अपना फर्ज अदा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानो को काल की परिधि मे नहीं बांधा जा सकता, वे अमरत्व को प्राप्त हो जाते है। ऐसे कर्तव्यपरायण वीर जवान हमारे प्रेरणा स्त्रोत है। उन्होंने हरियाणा पुलिस के शहीद जवानो को याद किया व उनके परिवार से आए सदस्यों को सम्मानित करते हुए शाल भेंट की।

#### शहीदों के परिजनों को शॉल भेंट किए

इस अवसर पर डीएसपी कमलजीत, डीएसपी किशोरी लाल सहित सैकड़ों पुलिस, अधिकारियों, कर्मचारियों ने सलामी परेड मे भाग लिया व शहीदों को पुष्प अर्पित किए। पुलिस अधीक्षक हिसार द्वारा जिला हिसार में शहीद हुए 09 शहीदों के परिजनों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया ।

---

# 1001 दीप जलाकर बीड़ बबरान धाम में मनाया दीपावली उत्सव



हिसार। दीपावली उत्सव के दौरान बीड़ बबरान धाम में सजी भव्य रंगोली देखते श्रद्धालु।

- भक्तों ने श्याम बाबा के दरबार में हाजिरी लगा कष्टों के निवारण की अर्जी लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

बीड़ बबरान धाम में रंगोली बनाकर और 1001 दीपक प्रज्ज्वलित करके दीपावली उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर पूरे धाम को फूलों, रंगोली व रंग-बिरंगी लडिय़ों से सजाया गया। इस अवसर पर श्याम बाबा के दरबार का आलौकिक श्रृंगार किया। इस दौरान बाबा के दरबार में माथा टेकने व मन्नत मांगने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ की कोई सीमा नहीं रही। बुधवार को धाम पर अन्नकूट भंडारे का आयोजन किया जाएगा। पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि भक्तों की बीड़ बबरान धाम व श्याम बाबा के प्रति अगाध आस्था है। दीपावली उत्सव में भक्तों ने श्याम बाबा के दरबार में हाजिरी लगा अपने कष्टों के निवारण की अर्जी लगाई। वहीं 22 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से अन्नकूट महोत्सव पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### सूर्य षष्टी महायज्ञ में कांशी में 27 को अयोध्या व वृंदावन से आएंगे विद्वान

हिसार। पूर्वांचल जन कल्याण संगठन समिति के तत्वावधान में 27 अक्टूबर को जिंदल पार्क, मिल गेट स्थित जिंदल सरोवर में लोक आस्था के छठ महापर्व को मनाये जाने की तैयारियां जोरों पर है। महापर्व के अवसर पर मुख्यातिथि के रुप में पूर्व मंत्री एवं विधायक सावित्री जिंदल उपस्थित होंगी। अध्यक्षता डॉ. राधेश्याम शुक्ल करेंगे। आज इस संबंध में समिति सदस्यों ने समिति के प्रधान विनोद साहनी की अध्यक्षता में जिंदल पार्क में बैठक करके वहां बने सरोवर का निरीक्षण किया। मुख्तयार गिरी को सरोवर में जल भरने का जिम्मेवारी दी गई। सरोवर सजावट एवं मंच सजावट के लिये तारकेश्वर मिश्र, हरीश चंद तिवारी, दिनेश पाण्डेय, अनिल उपाध्याय को दी गई। छठी मैय्या की मूर्ति की जिम्मेदारी आचार्य अनिल उपाध्याय को सौंपी गई। बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी छठ पर्व धूमधाम से जिंदल सरोवर पर मनाया जाएगा। समिति के महासचिव आचार्य मुरलीधर पाण्डेय व कोषाध्यक्ष आचार्य शिवपूजन मिश्र ने बताया कि छठ महापर्व में आने वाली महिलाओं के लिए सरोवर के चारों ओर वस्त्र आदि बदलने के लिए चार टैंट लगाए जाएंगे ताकि किसी को असुविधा न हो। महापर्व का मुख्य आकर्षण 11 लाख ज्योतों के साथ महाआरती रहेगा। समिति के प्रधान विनोद साहनी ने बताया कि सूर्य षष्ठी महायज्ञ में सुशील सोनी, ऋषि नगर वाले मुख्य यजमान के रुप में उपस्थित होंगे। सूर्य षष्टी महायज्ञ में कांशी, अयोध्या व वृंदावन से आए विद्वानों द्वारा मंत्रोच्चारण किया जाएगा। बैठक में प्रधान विनोद साहनी, आचार्य मुरलीधर पांडेय, आचार्य शिवपूजन मिश्र, हरीश चंद्र तिवारी, तारकेश्वर मिश्र, दिनेश पांडेय, अनिल उपाध्याय, मुख्तयार गिरी आदि मौजूद रहे।

# दीपावली पर्व खुशी, रोशनी एवं समृद्धि का प्रतीक : गर्ग



हिसार। अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग व अन्य प्रतिनिधि पूजा करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

अग्रोहा धाम में दीपावली पर्व पर विशेष पूजा व भंडारे का आयोजन अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने पूजा अर्चना करने के उपरांत कहा कि देश व विदेश में दिपावली का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। दीपावली का त्योहार खुशी, रोशनी और समृद्धि का प्रतीक है। दीपावली अंधकार पर आन्तरिक, असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई का उत्सव है। दीपावली का त्योहार धन की महादेवी माता लक्ष्मी जी के सम्मान में मनाया जाता है। गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम में 22 अक्टूबर को अन्नकूट का प्रसाद लगाया जाएगा।

**ये रहे मौजूदः** इस मौके पर घीसा राम गोयल, चूड़ियां राम गोयल, ऋषि राज गर्ग, अनन्त अग्रवाल, गौरव सिंगला, विनोद गोयल, लक्ष्मी आदमपूरिया, रवि सिंगला, ईश्वर गोयल, आनंद गोयल, पवन गर्ग आदि ने मंदिर में पूजा की।

---

### तरसेम नगर में बाबा बालकनाथ जी की चौकी व भंडारे का आयोजन

# जिसके मन में भगवान बसते, उसे किसी चीज का भय नहीं होता: संजीव

**'मुझे ऐसी लगन तू लगा दे कि तेरे बिना एक पल ना रहूं' पर श्रद्धालु जमकर झूमे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार





हिसार। भगत संजीव कुमार को स्मृति चिन्ह भेंट करते ओम यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर डॉ. पुनीत गोयल तथा बाबा बालक नाथ जी के भजनों को सुनते श्रद्धालु।

तरसेम नगर स्थित सिद्ध बाबा बालक नाथ एवं दुर्गा माता मंदिर में बाबा बालक नाथ जी की भव्य चौकी और भंडारे का आयोजन किया गया। दिवाली के पावन अवसर पर पूरा मंदिर परिसर भक्ति, श्रद्धा और आनंद के वातावरण से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने बाबा बालक नाथ जी के भजनों पर झूमते हुए आराधना की और माता रानी व बाबा जी से सुख-शांति की कामना की। इस मौके पर मुझे ऐसी लगन तू लगा दे कि तेरे बिना एक पल ना रहूं' पर श्रद्धालु जमकर झूमे। मंदिर के मुख्य सेवक रामचरण गुप्ता ने बताया कि 26 अक्टूबर 1969 को गुरु तरसेम लाल जी महाराज ने इस मंदिर की नींव रखी थी। इस अवसर पर ओम यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर डॉ. पुनीत गोयल ने 56 वर्ष पहले मंदिर स्थापना के समय की भगत तरसेम लाल जी महाराज की ऐतिहासिक फोटो को एक स्मृति चिन्ह के रूप में भगत संजीव कुमार को सप्रेम भेंट किया। श्रद्धालुओं की जोरदार तालियों से मंदिर प्रांगण गूंज उठा।

#### गुरु के नाम के सिरमन से होते हैं सब कष्ट दूर

*भगत संजीव ने प्रवचन में कहा कि गुरु के नाम के सिमरन से सब दुख अपने आप दूर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में सुख-सुविधाएं तो हर घर में हैं, लेकिन चैन और संतोष नहीं है। सच्ची शांति केवल गुरुओं की शरण और भगवान के सच्चे स्मरण से ही प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि जिसके मन में भगवान बसते हैं, उसे किसी चीज का भय नहीं होता। उन्होंने भावपूर्ण भजन "तेरी रहमतों में हमको दर पर बुला लिया है, दर-दर की ठोकरों से हमको बचा लिया है" प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर करदिया। भगत संजीव ने कहा कि दीपावली के दिन दीप जलाना अंधकार को मिटाने का प्रतीक है।*

#### भंडारे में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

कार्यक्रम के अंत में बाबा बालक नाथ चालीसा का पाठ और आरती की गई। इसके पश्चात भंडारा आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर "जय गुरुदेव" और "जय बाबा बालक नाथ" के जयकारों से गूंज उठा।

**ग्राम पंचायत थुराना**
**खंड हांसी -II जिला हिसार**

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत थुराना में तालाबो ( गोपी तालाब, कुम्हार तालाब, गंगसर तालाब, धानक तालाब ) की मछलियों की सफाई की बोली 23.10.2025 को 11.00 बजे सुबह सामानय चौपाल में करवाई जाएगी। जिसके लिए खुली बोली लगाई जाएगी। बोलीदाता को बोली लगाने हेतू मू. 15000/- प्रति तालाब जमानत राशि जमा करवानी होगी। नियम व शर्ते मौके पर पढ़कर सुनाई जाएगी।

सरपंच
रामदिया पान्नू
ग्राम पंचायत थुराना
9467458000

